पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती मनाई

भरतपुर (निस)। भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल ने संजय नगर स्थित आराधना पब्लिक स्कूल में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101 में जयंती मनाई। तत्पश्चात एक गोष्ठी का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के जिला मंत्री नरेंद्र सिंघल मुख्य वक्ता जिला मीडिया प्रभारी डॉ वीरेंद्र पचौरी, विशिष्ट अतिथि जिला सह संयोजक आईटी विभाग सुनील सहनावली रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष चन्द्रवीर जघीना ने की गोष्ठी प्रारंभ करने से पूर्व अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। गोष्ठी के मुख्य वक्ता जिला मंत्री नरेंद्र सिंघल ने कहा कि हमें पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेई के जीवन आदर्श का पूर्ण रूपेण पालन करना चाहिए। वाजपेयी की तरह प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ताओं में देश भक्ति का भाव कूट-कूट कर भरा होना चाहिए। मुख्य वक्ता जिला मीडिया प्रभारी डॉ वीरेंद्र पचौरी ने वाजपेयी के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए कहां किए ये जन्म से ही प्रतिभाशाली व्यक्तित्व रहे हैं उनकी कार्य शैली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वाजपेयी के कार्यकाल में देश को नये आयाम मिले। 1998 पोकरण में परमाणु परीक्षण करके देश को शक्तिशाली राष्ट्रों में लाकर खड़ा कर दिया वाजपेयी ओजस्वी कवि थे। उनकी एक कविता हार नहीं मानूंगा रार नहीं ठानूंगा पढ़ कर सुनाई इस अवसर पर चंद्रशेखर शर्मा, सुधीर चौधरी, दीपक मुद्गल पार्षद, राकेश सोगरवाल, अन्नू फौजदार, जयप्रकाश, राकेश वर्मा लेखराज गोपाल कश्यप विसम्बर आराधना सिंह, अजय, वीरू संजय नगर आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गंगापुर सिटी में 1000 करोड़ के एमओयू अटके

■ चरागाह भूमि विनिमय में बाधा, सीएम को लेटर भेजकर निर्णय लेने की मांग

गंगापुर सिटी । राइजिंग राजस्थान शिखर सम्मेलन के दौरान हुए लगभग 1000 करोड़ रुपए के समझौता ज्ञापनों (एमओयू) को लागू करने के लिए टोकसी स्थित रीको औद्योगिक क्षेत्र की चरागाह भूमि के विनिमय शहर में प्रस्तावित औद्योगिक विकास को गति देने में बाधा आ रही है।

इस संबंध में मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और अतिरिक्त मुख्य सचिव को लेटर भेजकर शीघ्र निर्णय लेने की मांग की गई है। उपक्रमी संगठन गंगापुर सिटी के सचिव संकेत गुप्ता ने लेटर में बताया कि गंगापुर सिटी पूर्वी राजस्थान का एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र है। दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग और निर्माणाधीन एक्सप्रेस-वे के निकट होने के कारण यहां औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं। ''राइजिंग राजस्थान'' शिखर सम्मेलन में क्षेत्र के लिए 1000 करोड़ रुपए के एमओयू इसी क्षमता का प्रमाण हैं।

हालांकि, टोकसी में रीको औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना चरागाह भूमि के तकनीकी वर्गीकरण के कारण वर्षों से लंबित है। गुप्ता ने बताया कि राज्य के अन्य जिलों जैसे जोधपुर (रोहट), भीलवाड़ा और नागौर में औद्योगिक विकास के लिए भू-राजस्व अधिनियम के तहत चरागाह भूमि का वर्गीकरण बदला गया है। भीलवाड़ा जिले के मांडल क्षेत्र में भी नियमों के तहत चरागाह भूमि को रीको औद्योगिक क्षेत्र के लिए आवंटित किया गया था।

भीलवाड़ा में बदले में समान क्षेत्रफल की भूमि को चरागाह घोषित कर पर्यावरणीय संतुलन सुनिश्चित किया गया था। इसी तर्ज पर टोकसी में भी भूमि विनिमय की प्रक्रिया अपनाई जा सकती है। यदि टोकसी में 39.76 हेक्टेयर राजकीय चरागाह भूमि के रूपांतरण में और देरी होती है, तो हस्ताक्षरित एमओयू लागू नहीं हो पाएंगे। इससे राज्य को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और स्टाम्प शुल्क के रूप में राजस्व हानि होगी, साथ ही क्षेत्र के हजारों युवाओं के रोजगार के अवसर भी प्रभावित होंगे। संगठन ने मांग की है कि भीलवाड़ा की तर्ज पर भूमि विनिमय की प्रक्रिया अपनाते हुए प्रकरण को राज्य स्तरीय सशक्त समिति के समक्ष रखा जाए और जिला प्रशासन को वैकल्पिक भूमि के चि ीकरण के निर्देश दिए जाएं, ताकि औद्योगिक निवेश सुरक्षित रह सके और स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल सके।

मेहंदी व विभिन्न प्रतियोगिताओं से सजा विद्यालय प्रांगण

भरतपुर (निस)। विवेकानन्द पब्लिक सी. सै. स्कूल, में शुक्रवार को ''विवेकानन्द स्पोर्टस मीट 2025-26'' के द्वितीय दिवस म्यूजिकल चेयर जूनियर एवं सीनियर ठ्ठुप, स्पून रेस, मेंहन्दी प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय अध्यक्ष अनंतराम आर्य ने की। सर्वप्रथम कार्यक्रम के अध्यक्ष अनंतराम आर्य ने स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विद्यार्थियों ने विद्यालय प्राँगण में आकर्षक रंगोली सजाईं। रंगोलियों से सजा प्राँगण ऐसा आभास दे रहा था जैसे किसी बड़े महोत्सव की तैयारी बच्चों ने की हो। के म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता के प्रथम गुरप में निशांत फौजदार प्रथम, लावन्या द्वितीय एवं भव्य गोयल तृतीय पर रहे। द्वितीय ठ्ठुप में मयंक प्रथम, सोमश्वर कुमार सैन द्वितीय एवं प्रज्ञा सिंह तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रतियोगिता के तृतीय ठ्ठुप में देविका गुर्जर प्रथम, गोपेश पाराशर द्वितीय व गार्गी कुमारी तृतीय स्थान पर रही। स्पून रेस में मेघ चौधरी प्रथम, जयन्त द्वितीय व पुनीत कुमार तृतीय स्थान पर रहे। मेहन्दी प्रतियोगिता में रिद्धी भारद्वाज प्रथम, इकरा खान द्वितीय व हसिका माथुर तृतीय स्थान पर रहीं। नेहा कुमारी को सांत्वना पुरूस्कार के लिए चुना गया। रंगोली प्रतियोगिता में अनिका अठावाल व खनक सिंह प्रथम, सिद्धि कुमारी व इशिका द्वितीय, तानिया जांगिड व याशिका शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। सृष्टि फौजदार, रूपाली सिंघल, ट्विकल फौजदार व कल्पना शर्मा को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया। पोस्टर प्रतियोगिता के जूनियर गुरप में पारूल प्रथम, आन्या अठावाल द्वितीय, विधि राजौरिया तृतीय स्थान पर रहे। सांत्वना पुरूस्कार के लिए तितिक्षी व प्रियांशी को चुना गया। सीनियर ठ्ठुप में खनक सिंह प्रथम, अनिका अठावाल द्वितीय, डेजी जैन तृतीय स्थान पर रही। मालिया शर्मा को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष अनंतराम आर्य ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि छोटे-छोटे बच्चों की बाल प्रतिभा आश्चर्यजनक है, साथ ही कहा कि बच्चों ने जिस उत्साह से इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया है एवं जो उन्होंने प्रतिभा दिखलाई है इससे साफ जाहिर होता है कि यदि बच्चों की शुरू से खेलों और कला के प्रति रूचि जागृत करें तो ये बच्चे बड़े होकर इन क्षेत्रों में राष्ट्र का नाम जरूर ऊँचा उठा सकते हैं। विद्यालय के डायेरक्टर सत्यव्रत आर्य ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों में स्पर्धा की भावना का जन्म होता है जो उनके उत्तरोत्तर विकास के लिये आवश्यक है। उन्होंने उन अभिभावकों की भी सराहना की। जिन्होने अपने बच्चों को इन प्रतियोगिताओं के लिए प्रोत्साहित एवं तैयार किया। कार्यक्रम सयोंजिका ज्योति आर्य ने की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट संयोजन के लिए विद्यालय स्टॉफ को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन ज्योति आर्य ने किया। कल प्रतियोगिता के तृतीय दिवस छोटे बच्चो की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता एवं सभी वर्गो की नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

सवाई माधोपुर में 279 बसावटें सभी मार्गों से जुड़ी

■ लक्ष्य था सामान्य क्षेत्रों की 500 से अधिक तथा मरुस्थलीय व आदिवासी क्षेत्रों की 250 से अधिक आबादी वाली बसावटों को सर्वकालिक पक्की सड़कों से जोड़ना

सवाई माधोपुर, । ठ्ठामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने अपने 25 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहे गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 25 दिसम्बर 2000 को इस ऐतिहासिक योजना की नींव रखी। लक्ष्य थाकृ सामान्य क्षेत्रों की 500 से अधिक तथा मरुस्थलीय व आदिवासी क्षेत्रों की 250 से अधिक आबादी वाली बसावटों को सर्वकालिक पक्की सड़कों से जोड़ना। आगे चलकर योजना में ठ्ठामीण सड़कों के चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण को भी शामिल किया गया। इस दूरदर्शी सोच के अनुरूप राजस्थान ने योजना के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय योगदान दिया। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा पिछले 25 वर्षों में प्रदेश में लगभग 75 हजार किलोमीटर सड़कों का निर्माण कर 15,983 बसावटों को ऑलवेदर सड़कों से जोड़ा गया। यह केवल सड़क निर्माण नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और नए अवसरों को गांवों तक पहुंचाने की ठोस पहल रही है। सवाई माधोपुर जिले में भी इस योजना ने विकास की नई तस्वीर गढ़ी है। यहां लगभग 325 करोड़ रुपये की लागत से 1307 किलोमीटर सड़कों का निर्माण कर 279 बसावटों को पक्के मार्गों से जोड़ा गया। प्रथम चरण में 215 करोड़ रुपये से 1055 किलोमीटर सड़कों का निर्माण हुआ तथा 249 किलोमीटर सड़कों का चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया गया।

दूसरे चरण में 22 करोड़ रुपये की लागत से 70.65 किलोमीटर सड़कों को और मजबूत बनाया गया। तीसरे चरण में कृषि बाजारों, अस्पतालों, कॉलेजों और अन्य सेवाओं से बेहतर संपर्क सुनिश्चित करने के लिए 88 करोड़ रुपये की लागत से 182 किलोमीटर लंबी 29 सड़कों का उन्नयन किया गया। योजना के चौथे चरण में प्रदेश की 1638 बसावटों को ऑलवेदर सड़कों से जोड़ने के लिए चिन्हित किया गया है। इसके प्रथम फेज में 1216 बसावटों हेतु सड़कें एवं एक पुल बनाया जाएगा।

भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारम्भ

■ भागवत कथा पापनाशनी और मोक्षदायनी-गोविन्द भैयाजी

गंगापुर सिटी । गुरुवार को पुरानी अनाज मंडी स्थित श्रीसीतारामजी मंदिर से पुरानी चुंगी स्थित मैरिज होम तक भव्य कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। बैंडबाजों के साथ निकाली गई इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा से पूर्व आयोजक परिवार के मुख्य यजमान बिहारीलाल गुप्ता सहित अनेक श्रद्धालु मंदिर पर एकत्रित हुए।

यहां भगवान श्रीसीतारामजी-हनुमान जी समेत सभी देवी-देवताओं और कलशों की विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की गई। वृंदावन के आचार्य गोविंद भैयाजी के सानिध्य में विद्वान पंडितों ने यह पूजा संपन्न करवाई। पूजा के उपरांत बैंड-बाजों के साथ कलश यात्रा शुरू हुई। यात्रा में सबसे आगे मुख्य यजमान बिहारीलाल गुप्ता अपने सिर पर भागवत पोथी लिए चल रहे थे। उनके पीछे 321 कलश लिए महिलाएं मंगल गीत और भजन गाती हुई चल रही थीं। कलश यात्रा में बैंड-बाजे और डीजे की धुन पर उत्साही महिलाएं व पुरुष नृत्य करते हुए भगवान के जयकारे लगा रहे थे।

यात्रा में कथावाचक वृंदावन के गोविंद भैयाजी एक रथ में सवार थे। यह यात्रा पुरानी अनाज मंडी से शुरू होकर पावर हाउस, फव्वारा चौक, पुरानी चुंगी होते हुए कथा स्थल विजय पैलेस तक पहुंची। कथा स्थल पर विद्वान पंडितों ने मुख्य यजमान से भागवत कथा पोथी की एक बार फिर विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न करवाई। इसके बाद कथा के पहले दिन आचार्य गोविंद भैयाजी ने भागवत कथा के महात्म्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। आचार्य ने श्रद्धालुओं को बताया कि भागवत कथा पापनाशनी और मोक्षदायनी है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि भगवान श्रीकृष्ण का साक्षात स्वरूप है। इसके श्रवण मात्र से मनुष्य के पाप, दुख और भवबंधन नष्ट होते हैं तथा भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति होती है। कथा में परीक्षित मोक्ष, शुकदेव द्वारा भागवत ज्ञान और कलियुग में भागवत श्रवण की महत्ता पर भी चर्चा की गई। आचार्य ने बताया कि भागवत कथा से घर-परिवार में शांति, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। श्रद्धा, विश्वास और नियमपूर्वक कथा श्रवण करने से जीवन सफल होता है।

विद्यार्थियों को बिज़नेस के प्रति जागरूक करने के लिए प्रशिक्षण

सूरौठ । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरौठ के व्यावसायिक शिक्षा के विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य सोहन सिंह मीणा व प्रधानाचार्या एम.डी.भावना ने हरी झण्डी दिखाकर भरतपुर के राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के लिए रवाना किया, स्थानीय विद्यालय के कंप्यूटर शिक्षक पुष्पेन्द्र बैंसला ने बताया की संभाग स्तरीय कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को बिज़नेस के प्रति जागरूक करना तथा राजस्थान सरकार द्वारा ज़मीनी स्तर पर उद्यमशीलता की मानसिकता को आत्मसात करने और उन्हें भविष्य की उद्यिमता के रूप में उनकी यात्रा में एक ठोस आधार प्रदान करने के लिए आई स्टार्ट कार्यक्रम का विस्तार किया गया है । जिसमे राजस्थान के युवाओं द्वारा कोई भी नया स्टार्टअप शुरू करने के लिए लड़कियों को 3 लाख व लड़को को 2 लाख 40 हज़ार रुपए तक प्रोत्साहित के रूप में राशि प्रदान की जाती है ।

स्टार्टअप को जमीनी स्तर पर शुरू करने पर 60 लाख रुपए तक प्रोत्साहित राशि प्रदान की जाएगी और यह राशि सरकार को वापस भी नहीं करनी है ।राज्य सरकार द्वारा संचालित आईस्टार्ट राजस्थान कार्यक्रम के अंतर्गत उपलब्ध स्टार्टअप सहायता एवं सहयोग इकोसिस्टम की जानकारी देना रहा, ताकि युवा नवाचार आधारित विचारों के साथ उद्यिमता को करियर विकल्प के रूप में अपना सकें।

इस अवसर पर मनु विजय (मेंटर आईस्टार्ट नेस्ट, भरतपुर) ने बताया कि सेंटर के माध्यम से स्टार्टअप्स को बिजनेस बढ़ाने एवं आइडिया विकसित करने में मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। मेंटरिंग के जरिए स्टार्टअप्स की अनेक व्यावहारिक समस्याओं का समाधान हो रहा है। साथ ही युवाओं को स्टार्टअप शुरू करने एवं आईस्टार्ट योजना से जोड़ने के लिए नियमित रूप से कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है कार्यक्रम में एनालिस्ट-कम-प्रोठ्ठामर (उप निदेशक), संभाग इनक्यूबेटर सेंटर, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, भरतपुर, श्री हरि मोहन शर्मा ने बताया कि आईस्टार्ट राजस्थान, राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग का प्रमुख कार्यक्रम है। यह स्टार्टअप्स, छात्रों, उद्यिमयों एवं नवाचारकों के लिए एकल-खिड़की प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करता है।

सांसद खेल महोत्सव का भव्य समापन

■ खेल में हमेशा हम जीतते हैं या सीखते हैं : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

सवाईमाधोपुर। लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला की प्रेरणा से आयोजित सांसद खेल महोत्सव का भव्य समापन गुरुवार को नयापुरा स्थित उम्मेद सिंह स्टेडियम में हुआ। इस दौरान कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र की सभी 8 विधानसभाओं की विजेता टीमों ने लोकसभा स्तर पर अपनी-अपनी विधानसभा का प्रतिनिधित्व किया। समापन समारोह को वर्चुअली संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने खिलाड़ियों को शुभकामना संदेश दिया।

जब उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि खेलों में हमेशा या तो हम जीतते हैं या सीखते हैं, हारते तो कभी है ही नहीं... तो पूरा सदन तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इसके साथ ही लोकसभा स्पीकर माननीय ओम बिरला जी ने भी दिल्ली से वर्चुअली जुड़कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। स्थानीय समारोह में राजस्थान सरकार के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, सांसद खेल महोत्सव की संभागीय संयोजक एवं लाडपुरा विधायक कल्पना देवी, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह, पूर्व मंत्री रामगोपाल बैरवा, के पाटन की पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल, भाजपा देहात जिलाध्यक्ष प्रेमचंद गोचर एवं बूंदी भाजपा जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा, पूर्व जिलाध्यक्ष हेमंत विजयवर्गीय, पूर्व महापौर राजीव अठावाल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। लोकसभा संयोजक विशाल शर्मा ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव का मुख्य उद्देश्य ठ्ठामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को पहचान देकर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है।

पंचायत स्तर से शुरू हुए इस महोत्सव ने गांव-गांव तक खेल संस्कृति को मजबूत किया है। खिलाड़ियों को स्थानीय स्तर पर ही प्रतिस्पर्धा का अनुभव मिला जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। आयोजन में खिलाड़ियों की ऐतिहासिक भागीदारी ने इसे अभूतपूर्व आयोजन बना दिया। विभिन्न खेलों में महिला खिलाड़ियों की सक्रिय भागीदारी भी देखने को मिली।

विप्र प्रीमियर लीग-3 का भव्य आयोजन 29 से, 8 टीमें मैदान में दिखाएँगी दमखम

गंगापुर सिटी । विप्र परिवार द्वारा खेल, अनुशासन और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस वर्ष भी विप्र प्रीमियर लीग सीजन-3 का भव्य आयोजन किया जायेगा। टूर्नामेंट को लेकर वेदांत क्लासेस, उदेई मोड पर एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसमें आयोजन से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की गई तथा टूर्नामेंट के पोस्टर का विधिवत विमोचन किया गया। प्रेस वार्ता में आयोजन समिति के पदाधिकारी, समाज के वरिष्ठजन, युवा खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संयोजक डॉक्टर राजेश आचार्य ने बताया कि विप्र प्रीमियर लीग-3 का शुभारंभ 29 दिसंबर से होगा, जबकि टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 2 जनवरी को खेला जाएगा। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले सीनियर हाई सेकेंडरी स्कूल के खेल मैदान पर आयोजित किए जाएंगे। इस वर्ष लीग में कुल 8 टीमें भाग ले रही हैं, जिनके बीच लीग व नॉकआउट आधार पर मुकाबले खेले जाएंगे। आयोजकों के अनुसार प्रत्येक मुकाबला दर्शकों के लिए रोमांच से भरपूर होगा। आयोजन समिति ने कहा कि विप्र प्रीमियर लीग का आयोजन केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि समाज को एकजुट करने और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का माध्यम बन चुका है। इस लीग के माध्यम से स्थानीय युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है, साथ ही खेलों के प्रति उनकी रुचि और अनुशासन में भी वृद्धि होती है। प्रेस वार्ता के अंत में आयोजन समिति ने शहरवासियों, समाज के सभी वर्गों और खेल प्रेमियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में मैदान पर पहुँचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें और इस आयोजन को सफल बनाने की अपील की।

पौष बड़े का होगा आयोजन

गंगापुर सिटी । राजराजेश्वरी बिजासन देवी इंदरगढ़ माता के लिए मां इंदरगढ़ बिजासन सेवा समिति के तत्वावधान में 27 दिसंबर शनिवार को अपरा 4 बजे कर्मचारी कॉलोनी स्थित गौरव मैरिज होम के सामने से 35वीं बस यात्रा में सैकड़ो भक्त इंदरगढ़ दरबार के लिए प्रस्थान करेंगे। समिति महामंत्री वेद प्रकाश मंगल ने बताया कि 27 दिसंबर शनिवार को शाम 8 बजे से इंदरगढ़ माता के भवन जिला बूंदी गंगापुर वालों की धर्मशाला में विशाल भगवती जागरण का आयोजन होगा एवं 28 दिसंबर प्रातः 7 बजे माता रानी के दर्शन कर माता रानी को बड़ा पुआ पकवानों का भोग लगाकर पंगत पर प्रसादी वितरण की जावेगी।

विजेताओं को पुरस्कृत किया

भरतपुर (निस)। रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालयकी प्राचार्य डॉ. मधु शर्मा के निर्देशन में एन.एस.एस. प्रभारी योगेन्द्र सिंहएवं एन.एस.एस. तीनों इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारी क्रमशः अंशु गुप्ता, निशांत सिंह चौहान, प्रीति मौर्य ने माँ सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर व एन.एस.एस. गीत के साथ सात दिवसीय शिविर के अंतिम दिवस का आरम्भ किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मधु शर्मा द्वारा सात दिनों में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताएँ जैसे-आशुभाषण, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर, निबंध, एकल गायन, सामूहिक गायन, एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य जैसी सांस्कृतिक प्रतियोगिताएँ एवं तीन टांग, 100 मीटर दौड़, यश नो, रूमाल झपट्टा, म्यूजिकल चेयर जैसीखेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए।

पीएम श्री स्कूल में शैक्षणिक और डिजिटल जागरूकता

■ प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर मार्गदर्शन और एनएसएस शिविर से छात्रों को मिला लाभ

गंगापुर सिटी । पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल गंगापुर सिटी में विभिन्न शैक्षणिक, सामाजिक और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन आयोजनों में विज्ञान मार्गदर्शन, वृक्षारोपण और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर शामिल थे, जिनसे विद्यार्थियों को बहुआयामी लाभ मिला। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत अंतरराष्ट्रीय शिक्षाविद उमेश कुमार शर्मा ने विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। प्रधानाचार्य राजकुमार उपाध्याय ने अतिथि का स्वागत किया। शर्मा ने प्रकाश की गति, दैनिक जीवन में विज्ञान की उपयोगिता और ब्रह्मांड की संरचना जैसे वैज्ञानिक विषयों पर सरल जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को देश-विदेश में इंजीनियरिंग और मेडिकल क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आईआईटी-जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के महत्व के बारे में बताया। साथ ही, विज्ञान ओलंपियाड और राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षाओं की तैयारी पर भी विस्तार से चर्चा की। इस कार्यक्रम में व्याख्याता जितेंद्र गर्ग, खुशबू शर्मा, ज्योति गुप्ता, जगन सिंह और वरिष्ठ लैब सहायक प्रदीप शर्मा सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। मंच संचालन रूपसिंह मीना ने किया। स्कूल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत डॉ. राधाकृष्णन पार्क में वृक्षारोपण किया गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि न्यायालय के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल कुमार दुबे ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण और वृक्षों के महत्व से अवगत कराया। अधिवक्ताओं, ईको क्लब प्रभारी अशोक बैस, प्रशासनिक अधिकारी अरविंद खंडेलवाल और छात्र-छात्राओं ने मिलकर पौधरोपण किया। इसी क्रम में स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का तृतीय एक दिवसीय शिविर भी आयोजित हुआ। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी से बचाव और डिजिटल साक्षरता के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य ने की, जिसमें एनएसएस प्रभारी भरतलाल बैरवा, व्याख्याता गिरिराज शांडिल्य, बृजेंद्र शर्मा और अखिलेश मीना उपस्थित रहे।

20 स्काउट गाइड का दल गुजरात रवाना

करौली । श्री वैदिक मिशन ट्रस्ट राजकोट के तत्वाधान में 27 दिसंबर से 4 जनवरी तक ठ्ठाम प्रांसला तहसील उपलेटा जिला राजकोट गुजरात में आयोजित 26 में राष्ट्रकथा शिविर में भाग लेने हेतु करौली जिले के पीएम श्री श्रीमती कमला रानी राम प्रकाश खंडेलवाल महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय केला देवी के 10 स्काउट स्काउट मास्टर गणेश चंद शर्मा एवं 10 गाइड गाइडर विमलेश अवस्थी के नेतृत्व में रवाना हुए सी ओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया की शिक्षा निदेशक बीकानेर के आदेशानुसार श्री वैदिक मिशन ट्रस्ट जिसकी स्थापना वर्ष 2002 में ठ्ठाम प्रांसला तहसील उपलेटा जिला राजकोट गुजरात जिसका उद्देश्य देश के युवाओं और नागरिकों में राष्ट्रीय भावना और भारत के समृद्ध इतिहास और संस्कृति के प्रति गौरव का संचार जागरण और सुदृढ़ीकरण करना है ट्रस्ट वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति के संदर्भ में विश्व सभ्यता में भारत के समृद्ध योगदान को प्रस्तुत करने का प्रयास करता है और सभी देशवासियों को राष्ट्र की गौरवशाली विरासत और संस्कृति से जोड़ने का प्रयास करता है ताकि उन्हें सभी क्षेत्रों में भारत की प्रगति के लिए प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया जा सके।

प्रशासन एकादश और दिशा क्रिकेट क्लब सेमीफाइनल में

■ वर्धमान सद्भावना क्रिकेट लीग के अंतिम मुकाबले खेले गए

गंगापुर सिटी । स्कूल शिक्षा परिवार द्वारा आयोजित वर्धमान हॉस्पिटल सद्भावना क्रिकेट लीग के अंतिम तीन मुकाबले खेले गए। इन रोमांचक मैचों के बाद प्रशासन एकादश और दिशा क्रिकेट क्लब ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। यह प्रतियोगिता राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल के खेल मैदान पर आयोजित की जा रही है, जिसमें विभिन्न विभागों और संस्थाओं की टीमें भाग ले रही हैं। पहला मैच प्रशासन एकादश और भारत विकास परिषद के बीच हुआ।

टॉस जीतकर भारत विकास परिषद ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और संदीप स्वामी के 30 रनों की मदद से 107 रन बनाए। जवाब में, प्रशासन एकादश ने वीरेंद्र सिंह के शानदार 47 रनों की बदौलत 7 विकेट से मैच जीत लिया। इस जीत के साथ प्रशासन एकादश सीधे सेमीफाइनल में पहुंच गई। वीरेंद्र सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मुकाबला डिस्कॉम क्रिकेट क्लब और बैंकर्स इलेवन के बीच खेला गया। डिस्कॉम क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए वीर सिंह गुर्जर के 40 गेंदों पर 61 रनों की शानदार पारी की बदौलत एक मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में, बैंकर्स इलेवन की टीम लक्ष्य का पीछा नहीं कर सकी और 22 रनों से हार गई। बैंकर्स इलेवन की ओर से भगत सिंह ने 33 और विक्रम ने 25 रन बनाए। वीर सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। तीसरा मैच स्कूल शिक्षा परिवार और दिशा क्रिकेट क्लब के बीच हुआ। स्कूल शिक्षा परिवार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कादिर के 51 रनों की मदद से 122 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए दिशा क्रिकेट क्लब ने वैभव दुबे की शानदार बल्लेबाजी के दम पर 6 विकेट से जीत दर्ज की। वैभव दुबे ने 38 गेंदों पर 66 रन बनाए और उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस जीत के साथ दिशा क्रिकेट क्लब ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैचों के दौरान जिला अध्यक्ष अनुज शर्मा, संयोजक गोविंद पाराशर, धर्मेंद्र मित्तल, चेतन गुप्ता, विष्णु गुप्ता, महेंद्र जैन सहित अनेक खेल प्रेमी मौजूद रहे। लाइव स्कोरिंग, कमेंट्री और अंपायरिंग की व्यवस्था से प्रतियोगिता को और भी रोचक बनाया गया।

अटल बिहारी वाजपेयी थे सैद्धांतिक राजनीति के पुरोधा : मानसिंह गुर्जर

■ जन्म शताब्दी पर किया पूर्व प्रधानमंत्री को याद

गंगापुर सिटी । पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी गंगापुर सिटी द्वारा राजकीय अस्पताल परिसर स्थित अटल उद्यान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता सभापति शिवरतन अग्रवाल ने की। वहीं पंचायत समिति प्रधान मंजू गुर्जर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक सिंघल, जिला मोर्चा संयोजक जमनालाल वैष्णव, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नागेश लोढ़ी और चिकित्सा अधिकारी दिनेश गुप्ता विशिष्ट अतिथी के रूप में मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विनोद अटल ने किया। भाजपा जिला सह मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने बताया कि मुख्य अतिथी मानसिंह गुर्जर ने अटल बिहारी वाजपेयी को सैद्धांतिक राजनीति का पुरोधा बताया। उन्होंने कहा कि जनसंघ और भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक वाजपेयी तीन बार देश के प्रधानमंत्री बने। 1998 में परमाणु परीक्षण कर उन्होंने देश को नई सामरिक पहचान दिलाई। गुर्जर ने स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और नदी जोड़ो योजना जैसे दूरदर्शी निर्णयों का उल्लेख किया, जिनसे देश के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिली।

उन्होंने वाजपेयी के व्यक्तित्व और कृतित्व को पक्ष-विपक्ष सभी के लिए प्रेरणास्रोत बताया। इस अवसर पर सभापति अग्रवाल, प